“गुरुकृपा की उदारता” डेविड कैट्ज़ द्वारा लिखित वार्ता का परिचय

“गुरुकृपा की उदारता” डेविड कैट्ज़ द्वारा दी गई एक वार्ता है जो उन्होंने १६ जुलाई, २०१९ को पूर्णिमा के दिन, गुरुपूर्णिमा के सम्मान में आयोजित सिद्धयोग महोत्सव सत्संग के दौरान दी थी। यह सत्संग सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर सीधे प्रसारण द्वारा आयोजित किया गया था।

डेविड जी सिखाते हैं कि एक विद्यार्थी के अन्दर गहन रूपान्तरण लाने में गुरुकृपा का अगाध महत्त्व है; श्रीगुरु की सिखावनियों का अभ्यास करने के लिए समर्पित विद्यार्थी के अन्दर यह रूपान्तरण भगवान की उपस्थिति को प्रकट करता है। श्रीगुरु की असीम कृपा के प्रति कृतज्ञतावश ऐसा विद्यार्थी स्वाभाविक रूप से अर्पण करता है और श्रीगुरु को प्रेमपूर्ण भेंट अर्पित करता है।

यह वीडिओ रिकॉर्डिंग तथा डेविड जी द्वारा दी गई वार्ता, आपके अध्ययन एवं मनन के लिए यहाँ उपलब्ध है।

© २०२२ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।